દૈનિક ભાસ્કર, તા.૦૭-૦૮-૨૦૨૩, પાના નં.૦૨

मेट्रो लाइन-1 • भटार में मेट्रो रेल स्टेशन ले रहा आकार, रुपाली कैनाल के पास भी गर्डर लॉन्च करने की तैयारी

सूरत | मेट्रो लाइन-1 में ड्रीम सिटी से कादरसा की नाल तक 11 किमी एलिवेटेड मार्ग में अलथान गाम से अलथान टेनामेंट सेक्शन के भटार में बन रहे मेट्रो रेल स्टेशन का पिलर और बेस कैप का काम लगभग कर लिया गया है। इससे स्टेशन का स्ट्रक्चर दिखने लगा है। इसके साथ ही इस सेक्शन पर 750 मीटर लंबे मार्ग ने आकार ले लिया है। उधर रुपाली कैनाल के पास भी काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। यहां भी गर्डर लॉन्च करने की तैयारी है।